मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

संख्या: TSC-142/2012 (VI)/ दिनांक: जुलाई 19, 2018

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उ0प्र0,
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उ0प्र0,
समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।

जैसा कि आप अवगत हैं कि वर्तमान परिदृश्य में इंटरनेट सूचनाओं के आदान प्रदान के लिये एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। सूचनाओं के वैधानिक ढंग से प्रचार प्रसार हेतु विभागीय वेबसाइट पर संकलित सूचनाओं का प्रदर्शन होना आवश्यक है। राज्य पुलिस की अपनी वेबसाइट https://uppolice.gov.in संचालित है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा समस्त प्रदेशों एवं केन्द्रीय पुलिस संगठनों की सूचनाओं को एक साथ एकत्रीकृत करके एक वेब पोर्टल https://police.gov.in विकसित किया गया है जिसके माध्यम से सम्पूर्ण भारत के पुलिस विभागों की महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक सूचनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

इस वेब पोर्टल पर मुख्यतः निम्नवत संकलित सूचनाएँ उपलब्ध हैं–

1. पुलिस संगठनों द्वारा जनउपयोगी कार्यों एवं अपराध रोकथाम में प्राप्त की गई उपलब्धियों को (Achievement) मेनू के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।
2. पुलिस संगठनों द्वारा जनउपयोगी कार्यों एवं अपराध रोकथाम में पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों एवं पुरस्कार का विवरण (Awards) मेनू के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।
3. पुलिस संगठनों द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का मीडिया में प्रचार–प्रसार हेतु सूचनाएँ (Press Release) मेनू के अंतर्गत प्रदर्शित हैं।
4. इसके साथ ही समस्त भारत में विभिन्न पुलिस संगठनों में जनउपयोगी कार्य करते हुये शहीद हुये कार्मिकों की सूचना (Martyrs of Indian Police) मेनू के अंतर्गत प्रदर्शित हैं।
5. इस पोर्टल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यों का विवरण आन–लाइन पढ़ने हेतु ई–बुक उपलब्ध हैं।

आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्त वेब पोर्टल का एक माह के अन्दर थानों/शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय। इसमें उपलब्ध ई–बुक के माध्यम से प्रदर्शित सूचनाओं की जानकारी प्रदान करते हुये आन–लाइन क्विज कराई जायें। उक्त पोर्टल का लिंक उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट https://uppolice.gov.in भी उपलब्ध है।

19/7

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि :पुलिस महानिदेशक के सहायक/पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ।